# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

पीठासीन अधिकारी– डॉ० जितेन्द्र कुमार सोनी, आई.ए.एस.

प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या–54/2021
जी.सी.एम.एस.पोर्टल संख्या–2021/76

**प्रार्थी** बनाम **अप्रार्थीगण**

बैंक ऑफ बड़ौदा
शाखा डीडवाना रोड,
जिला नागौर

1. मैसर्स भाम्बू मेडिकल एजेंसी, प्रोप. श्री रामेश्वर लाल पुत्र श्री मुगनाराम,
   1–रामदेव धर्म कांता के पीछे, डेह रोड़ नागौर
   2–जाटो का मौहल्ला, ग्राम–सोनेली, पंचायत समिति, जायल, जिला नागौर
2. श्री कैलाश कुमार पुत्र श्री मुगना राम, 41, जाटों का मौहल्ला, ग्राम–सोनेली, पंचायत समिति, तहसील–जायल, जिला नागौर

**आदेश** दिनांक:– 08/07/2021

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ। जो दर्ज रजिस्टर हो।

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थी/ ऋणी को **9,90,000/–(अक्षरे नो लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) एवं 65,830/–(अक्षरे पैंसठ हजार आठ सौ तीस रुपये मात्र) रूपये ऋण सुविधा दिनांक 18.08.2015** को ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति– अचल सम्पति जो ग्राम सोनेली जिला नागौर में स्थित है, जो श्री रामेश्वर लाल पुत्र श्री मुगना राम के नाम से है, जिसका कुल क्षेत्रफल 387.11 वर्गगज है एवं पट्टा संख्या 17 दिनांक 20.12.2014 जो ग्राम पंचायत सोनेली द्वारा जारी किया गया है,** जो प्रार्थी बैंक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खाते को **दिनांक 30.03.2021** को एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया व अप्रार्थी/ऋणी के ऋण खाते में **रूपये 11,61,721.26/–(अक्षरे ग्यारह लाख इकसठ हजार सात सौ इक्कीस रुपये छब्बीस पैसे मात्र) दिनांक 31.03.2021 से ब्याज व खर्चे सहित राशि का भुगतान** बकाया निकलते है।

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थी को **दिनांक 02.04.2021** को रजिस्टर्ड नोटिस दिये गये इसके उपरान्त भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण राशि **रूपये 11,61,721.26/–(अक्षरे ग्यारह लाख इकसठ हजार सात सौ इक्कीस रुपये छब्बीस पैसे मात्र) दिनांक 31.03.2021 से ब्याज व खर्चे सहित राशि** को जमा कराना था, परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैंक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डॉक्यूमेन्ट .../जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण :– **अचल ... जो ग्राम सोनेली जिला नागौर में स्थित है, जो श्री रामेश्वर लाल पुत्र श्री मुगना राम के नाम से है जिसका कुल क्षेत्रफल 387.11 वर्गगज है एवं पट्टा संख्या 17 दिनांक 20.12.2014 जो ग्राम पंचायत सोनेली द्वारा जारी किया गया है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jitendra Kumar Soni
Date: 2021.11.26 18:31:13 IST
Reason: Self Attested

न्यायालय जिला ... नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से **9,90,000/–(अक्षरे नो लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) एवं 65,830/–(अक्षरे पैंसठ हजार आठ सौ तीस रुपये मात्र) रूपये ऋण सुविधा दिनांक** 18.08.2015 को प्राप्त की थी। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– अचल सम्पति जो ग्राम सोनेली जिला नागौर में स्थित है, जो श्री रामेश्वर लाल पुत्र श्री मुगना राम के नाम से है, जिसका कुल क्षेत्रफल 387.11 वर्गगज है एवं पट्टा संख्या 17 दिनांक 20. 12.2014 जो ग्राम पंचायत सोनेली द्वारा जारी किया गया है,** जो प्रार्थी बैंक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने के संबंध में विधि अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

आदेश सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

**(डॉ० जितेन्द्र कुमार सोनी )**
**जिला कलक्टर एंव मजिस्ट्रेट, नागौर**
जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

Signature Not Verified

Digitally signed by Jitendra Kumar Soni
Date: 2021.11.26 18:31:13 IST
Reason: SelfAttested